www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
सोमवार 23 सितंबर, 2024

दैनिक जागरण

आशा भी जीवन में औषधि का काम करती है

## बड़े षड्यंत्र का संकेत

कानपुर में रेलवे ट्रैक पर गैस सिलिंडर पाया जाना और पंजाब के बठिंडा में ट्रैक पर सरिया रखा होना महज दुर्योग नहीं हो सकता। ये घटनाएं किसी बड़े षड्यंत्र की ओर संकेत कर रही हैं। इस तरह की घटनाओं के पीछे षड्यंत्र इसलिए भी नजर आता है, क्योंकि इसके पहले भी इसी प्रकार की कई घटनाएं हो चुकी हैं। पिछले दिनों ही सूरत में एक रेलवे ट्रैक की फिश प्लेटें हटी पाई गई थीं और उत्तर प्रदेश में रामपुर में रेलवे ट्रैक पर लोहे का एक खंभा रख दिया गया था। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इसके पूर्व भी इसी तरह के कई मामले राजस्थान, महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में सामने आ चुके हैं। कानपुर में तो ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिनसे यही लगा कि ट्रेनों को पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी। एक अनुमान के अनुसार पिछले डेढ़ माह में ऐसी डेढ़ दर्जन घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें ट्रेनों को पटरी से उतारने की अलग-अलग तरह से कोशिश की गई। यह ठीक है कि इस तरह की घटनाओं को रेलवे बोर्ड ने गंभीरता से लिया है और कुछ मामलों की जांच तो रेलवे पुलिस के साथ ही स्थानीय पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी अर्थात एनआइए भी कर रही है, लेकिन यह ठीक नहीं कि अभी तक किसी मामले की तह तक नहीं पहुंचा जा सका है। यदि इन घटनाओं के पीछे के कारणों का शीघ्र पता नहीं लगाया जा सका तो वे तत्व और दुस्साहसी हो सकते हैं जो रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ कर ट्रेनों को पटरी से उतारने की कोशिश करने में लगे हुए हैं।

पटरियों से छेड़छाड़ की घटनाएं नई नहीं हैं, लेकिन आम तौर पर ऐसी घटनाओं को शरारती तत्व अंजाम दिया करते थे, लेकिन अब जिस तरह एक के बाद एक घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे इस आशंका को बल मिलता है कि इन घटनाओं के पीछे आतंकी तत्व हो सकते हैं। यह भी हो सकता है कि आतंकी अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए शरारती तत्वों का सहारा ले रहे हों। जो भी हो, वस्तुस्थिति सामने आनी ही चाहिए। ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी, क्योंकि अतीत में ट्रेनों को नक्सली और आतंकी संगठन निशाना बनाते रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को अपनी चौकसी बढ़ानी होगी और एक ऐसे माहौल का निर्माण करना होगा जिससे शरारती अथवा आतंकी तत्व ट्रेन को आसान निशाना समझने से बाज आएं। यह कोई अच्छी बात नहीं कि यात्री ट्रेनों में जब-तब पथराव होता रहता है। वंदे भारत ट्रेन को कई बार निशाना बनाया जा चुका है। अब जब यह स्पष्ट है कि ट्रेनों की सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ रहा है तब फिर रेलवे पुलिस, स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ खुफिया एजेंसियों को भी विशेष सजगता का परिचय देना होगा।

## लाइफलाइन बनी इंटरनेट

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) परीक्षा में कदाचार रोकने के लिए राज्य में चार घंटे से अधिक समय तक इंटरनेट सेवाओं को स्थगित कर दिया गया। आज के दौर में सामान्य जीवन से जुड़ी हर चीज इंटरनेट पर आधारित हो गई है। इसके बिना जीवन की कल्पना करना कठिन हो गया है। यात्रा के लिए टिकट का आरक्षण, बच्चों के स्कूल से जुड़े प्रोजेक्ट और चिकित्सा के लिए डाक्टर का परामर्श सब इंटरनेट पर आधारित हो गया है। हालांकि एक खास उद्देश्य से इंटरनेट सेवाएं रोकी गई थीं, लेकिन इसके विकल्प पर भी काम होना चाहिए था। दिन के समय इंटरनेट का बंद होना बैंकिंग सेवाओं के लिए भी परेशानी करने वाला रहा। मोबाइल और एप आधारित सेवाओं की वजह से बैंकिंग की निर्भरता इंटरनेट पर ही रहती है। रविवार को भी इंटरनेट सेवाएं बंद रखी गईं। आमतौर पर कानून व्यवस्था की समस्या होने पर इंटरनेट सेवाओं को रोका जाता है। राज्य में आए दिन कोई न कोई परीक्षा होती रहती है। ऐसे में अगर इंटरनेट सेवाओं को रोकने का प्रचलन हो गया तो आम जीवन पर गहरा असर पड़ेगा। प्रश्नपत्र लीक को रोकने के लिए संबंधित एजेंसियों को अपने सिस्टम को लीक प्रूफ करने की आवश्यकता है। इसके लिए आमलोगों के जीवन को प्रभावित किया जाना उचित नहीं लगता। झारखंड हाई कोर्ट ने भी इस मामले में दायर याचिका को गंभीरता से लिया है। स्कूली बच्चों के अर्ध वार्षिक परीक्षाओं में भी इंटरनेट सेवाओं के बाधित होने से असर पड़ा है। शिक्षा से लेकर खानपान की जरूरतों पर इस प्रतिबंध ने लोगों को परेशान किया। उम्मीद की जानी चाहिए की राज्य सरकार इससे सबक लेकर आगे से दूसरे विकल्पों की तलाश करेगी।

**झारखंड में चार घंटे तक इंटरनेट बंद रहने से कामकाज हुआ प्रभावित, व्यापार समेत आवागमन और चिकित्सा पर पड़ा असर**

# आयुष्मान भारत का मिशन



जगत प्रकाश नड्डा

**स्वस्थ जन ही देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान कर पाते हैं और आयुष्मान भारत योजना जनस्वास्थ्य सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध हुई है**

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी एबी पीएम-जय योजना की छठी वर्षगांठ गर्व का क्षण है। सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना आज विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजन इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में इस योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है। उन्हें जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। उनके जीवन में एक नई आशा जगाई है। आयुष्मान भारत की यात्रा प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार पांच लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ इस योजना ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा की सुविधा उपलब्ध कराई है। बीते दिनों ही सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के लिए इस योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो देश के बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को देखते हुए महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि आशा बहनें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था। आज 55 करोड़ से अधिक लोग इस योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पात्र हैं। इसमें अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार हुए हैं, जिन पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी के शिकंजे में फंस जाते थे, उनके लिए यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन प्रमाण हैं कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है।

इस योजना में उपचार का दायरा भी बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है। इनमें हार्ट की बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब इस योजना ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है। एबी पीएम जय की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, देश के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, इस योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वालों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। योजना की अनूठी पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करा सकते हैं।

इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आइटी बुनियादी ढांचे से लैस किया गया है, जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमीट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है। आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने अस्पतालों को अपने ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है।

एबी पीएम जय के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर यानी एएएम के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। अब तक देश में 1.73 लाख से अधिक आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थायी बनाने की उम्मीद करते हैं।

आयुष्मान भारत की उपलब्धियों पर अभिभूत होने के साथ ही हमें भावी चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की इस यात्रा को और सुगम बनाने के लिए हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे। हम उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। इस योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इस योजना की छठी वर्षगांठ पर, आइए हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे। जय हिंद!

(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं)

response@jagran.com




देश में एक बड़े वर्ग का बड़ा सहारा बनकर उभरी आयुष्मान भारत योजना ● फाइल

# अविश्वसनीय चीन का मुकाबला



डा. ऋषि गुप्ता

**कूटनीति-सैन्य क्षमता से ही भारत चीन को जवाब देने में सफल रहा है, पर बीजिंग के लिए केवल इतना ही पर्याप्त नहीं होगा**



वार्ता के जरिये हो रहे शांति के प्रयास। फाइल

गलवन घाटी में वर्ष 2020 में भारतीय-चीनी सैनिकों के बीच सीमा विवाद को लेकर हिंसक झड़प हुई थी। तभी से दोनों पक्ष सैन्य वार्ता के माध्यम से इसको सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल में इसमें थोड़ी प्रगति दिखी। भारतीय और चीनी सेना के आए सकारात्मक बयानों से सीमा पर शांति की उम्मीद जगी है। पिछले चार वर्षों में दोनों देशों की सेनाएं कई बार आमने-सामने आई हैं जिसके परिणामस्वरूप वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव बढ़ा। हालांकि इस तनाव की शुरुआत चीन ने की, लेकिन वह भारत को जिम्मेदार ठहराता है। यह उसका पुराना पैंतरा है। चीन ने 1988 के बाद से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखने सहित कई सीमा समझौतों का लगातार उल्लंघन किया है और यदि भारत ने प्रतिक्रिया दी है, तो यह अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए किया है। बीते दिनों रूस में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक के मौके पर भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। बाद में भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने बताया कि 'सीमाई क्षेत्रों में शांति और सौहार्द तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा का सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति के लिए आवश्यक है।'

इस संदर्भ में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर का हाल में आया एक वक्तव्य भी काफी महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सीमा संबंधी विवाद के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से का समाधान किया जा चुका है। इस बात की पुष्टि चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी की, लेकिन क्या ये संकेत वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जून 2020 के पहले की यथास्थिति बहाल होने का संकेत देते हैं? इसका उत्तर नकारात्मक होगा, क्योंकि यदि सही मायनों में देखा जाए तो सीमा विवाद में अब तक किसी तरह का कोई खास सुधार नहीं हुआ है। देपसांग और डेमचोक सीमा विवाद के दो प्रमुख बिंदु हैं, जो अभी भी हल नहीं हुए हैं। फिर नया क्या हुआ है? दरअसल नई बात यह हुई है कि दोनों पक्ष पहली बार कूटनीतिक माध्यम से काम करने तथा सीमा पर विवाद वाले क्षेत्रों में सेना की पूर्ण वापसी के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करने पर सहमत हुए हैं। साथ ही चीन अब इस बात को अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार कर रहा है कि सीमा विवाद के बाद से भारत ने जिस तरह की नीतियां अपनाई हैं वह कारगर साबित हुई हैं। हाल में चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में एस. जयशंकर की आलोचना करते हुए लिखा गया था कि उन्होंने अपनी चीन नीति में जिन कूटनीतिक रणनीतियों को अपनाया वे तिकड़मों से भरी थीं। उनमें न तो जवाहरलाल नेहरू और न ही इंदिरा गांधी की कूटनीति का नैतिक बोध था। भले ही बाद में उसने इस आलेख को हटा दिया, लेकिन यह इस बात का साफ संकेत है कि चीन नेहरू और इंदिरा की चीन नीतियों के साथ सहज था, क्योंकि उस दौर में चीन एक मजबूत स्थिति में रहा, जो चीन को अब मुश्किल लग रहा है।

भारत आज अमेरिका, रूस, चीन के बाद विश्व की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति और विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यही चीन को रास नहीं आ रहा। नीतिगत पटल पर भी भारत की कई पहल चीन को हतप्रभ कर रही हैं। चीन के साथ अपने गहरे व्यापारिक संबंधों के बावजूद भारत अमेरिका जैसे देशों के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करके चीन पर अपनी निर्भरता को कम करने में सक्षम रहा है, खासकर सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में। भारत चीनी निवेश पर अपनी उच्च निर्भरता को कम करने के साथ नए निवेशक देशों से जुड़ा है। चीन स्थानीय निवेशकों से भारत में निवेश किए जाने को लेकर भी काफी दबाव में है। यदि चीन इस मुद्दे का समाधान नहीं कर पाया तो इसका असर उसकी आंतरिक राजनीति और आर्थिकी पर होगा। भारत का समान विचारधारा वाले देशों के साथ गठबंधन बनाने का विकल्प भी मजबूत परिणाम देने में सफल रहा है। क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। यह संगठन चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ प्रभावी है। हालांकि भारत केवल क्वाड जैसे मंचों पर ही निर्भर नहीं है, बल्कि वह विविध भागीदारों के साथ द्विपक्षीय रूप से जुड़कर भी अपनी क्षमताओं का निर्माण कर रहा है। पदभार संभालने के पहले सौ दिनों से भी कम समय में मोदी प्रशासन ने पूर्वी एशियाई देशों मुख्य रूप से चीन के साथ विवाद का सामना करने वाले देशों जैसे-फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और सिंगापुर के साथ संपर्क स्थापित किया है। इन देशों के साथ व्यापार और रक्षा क्षेत्र में साझेदारियों के साथ भारत आसियान समूह की मजबूती पर भी जोर दे रहा है, जो इन संबंधों को और अधिक समावेशी बनाता है। यह द्विपक्षीय जुड़ाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अगर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी होती है तो मुमकिन है कि वह क्वाड जैसे मंच को इतनी प्राथमिकता न दें। ऐसे में आसियान समूह भारत के हिंद-प्रशांत में जुड़ाव को मजबूत रखेगा।

जाहिर है कि भारत ने अपनी कूटनीति और सैन्य क्षमता से चीन को हर मोर्चे पर मजबूती से जवाब देने में सफलता हासिल की है, लेकिन इतने भर से यह मान लेना कि चीन सीमा क्षेत्र में अपनी सैन्य ताकत का और अधिक प्रदर्शन नहीं करने के साथ ही रातोरात सीमा क्षेत्रों में नए गांव बनाकर क्षेत्रीय दावे नहीं करेगा तो यह एक भूल होगी। भारत को चीन की तरफ से किसी भी अप्रत्याशित चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

(लेखक एशिया सोसायटी पालिसी इंस्टीट्यूट, दिल्ली के सहायक निदेशक हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## बचपन

बचपन शब्द ही मासूमियत और स्नेह से भरा हुआ है। बचपन मनुष्य के जीवन का प्रारंभिक चरण है, जो लगभग छह से तेरह, चौदह या कभी-कभी और भी दो चार साल तक चलता है। बचपन जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। यह समय उसके सामाजिक संसार को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाता है। यह आयु कोरे पन्नों के समान होती है जिस पर कुछ भी लिखा जा सकता है। बालक भोलेपन से भरा होता है, उसका लालन-पालन उसके वयस्क जीवन को बहुत प्रभावित करता है। बच्चे मन में किसी भेदभाव बिना जिससे स्नेह मिला उसी के हो जाते हैं। यूं ही नहीं मान्यता है कि बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं। बचपन खेल, मस्ती, खुलकर खिलखिलाना, डांट-डपट को पलभर में भूल जाने से जुड़ा होता है। किसी अनजान बच्चे की किलकारी हमारे होंठों पर मुस्कान लाने के लिए काफी है। यद्यपि कुछ बच्चे इतने भाग्यशाली नहीं होते। उनका बचपन प्रारंभ से ही त्रासदी से भरा होता है। ऐसे बच्चों को छोटी सी मदद भी उन्हें ढेरों खुशियां दे जाती है।

बचपन में इतनी सुंदरता भरी है कि यदा-कदा हमारा मन करता है कि चिंता और द्वेष रहित यह अवस्था यूं ही अनवरत चलती रहे। ऐसा अमृत हर अवस्था में धाराप्रवाह बहता रहे, लेकिन यह संभव नहीं। तो फिर क्यों न किसी भी आयु में हम बचपन के कुछ मनोहर पल चुरा अपनी झोली में भर आनंदविभोर हो लें। हम बचपन की बातें याद कर आनंदित होते हैं, उन्हीं बातों को दोहराते रहना चाहते हैं। ऐसे में थोड़ा सा बचपन अपने भीतर जीवित रखने में कोई हानि नहीं। उनसे थोड़ी सी मासूमियत, निःस्वार्थ भावना अपने में समेट लें। बचपन में लौट पाना तो असंभव है, परंतु बच्चों का साथ ईश्वरीय सुख की अनुभूति कराने के लिए पर्याप्त है। उनके संग तुतलाना, घुटनों के बल चलना, खेलना-कूदना और उनके पवित्र मन का साथी बनना किसी अध्यात्म से कम नहीं।

छाया श्रीवास्तव

# भविष्य की जरूरत ई-वाहन

सुनीता मिश्रा

**पीएम-ई ड्राइव योजना से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ेगी, जिससे प्रदूषण और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से निपटने में मदद मिलेगी**

केंद्र सरकार ने पीएम-ई ड्राइव नाम से एक नई योजना की घोषणा की है। इसमें इलेक्ट्रिक ट्रक, टेंपो और दोपहिया वाहनों को खरीदने पर फेम-1 और फेम-2 की तरह सब्सिडी भी मिलेगी। इसके तहत देशभर के 88,500 स्थानों पर नए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर लोगों में लगातार क्रेज बढ़ रहा है। भारत की सड़कों पर इलेक्ट्रिक रिक्शा समेत बैटरी से चलने वाले वाहनों की संख्या में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या लाखों में हैं। वर्ष 2020-21 में ई-रिक्शा का पंजीकरण मुश्किल से 78,700 था, जो 2022-23 में बढ़कर लगभग तीन लाख हो गया। इसी तरह पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग चार लाख ई-रिक्शा का पंजीकरण किया गया।

देखा जाए तो ई-रिक्शा हाल के वर्षों में भारत में परिवहन का एक लोकप्रिय साधन बन गए हैं। ये शहरी और ग्रामीण परिवहन जरूरतों को पूरा करते हुए अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी के प्रमुख साधन के रूप में उभरे हैं। पहले जहां आसपास जाने या करीबी शहर जाने के लिए लोगों को आटो या बस के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था, उसे अब इलेक्ट्रिक रिक्शा ने सुगम कर दिया है। दो से चार किलोमीटर की दूरी तय करने में ई-रिक्शा बेहद काम आते हैं। ई-रिक्शा महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ उन लोगों को भी अपने सपने साकार करने का अवसर दे रहे हैं, जिनके पास रोजगार नहीं है। बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए भी इलेक्ट्रिक वाहनों को सबसे कारगर माना गया है, लेकिन लोगों को अक्सर इसकी चार्जिंग, पावर और स्पीड को लेकर शिकायत होती है। इलेक्ट्रिक वाहन बहुत शांत होते हैं, जिससे सवारी करने का अनुभव बेहतर होता है।

ज्ञात हो कि वाहनों की कमी के कारण सुदूर और दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग अपना काम करने के लिए कई किलोमीटर दूर चल कर जाते हैं, जिसके कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं कई महिलाएं नौकरी करना चाहती हैं, लेकिन लंबी दूरी और अधिक किराया लगने की वजह से उन्हें भी समझौता करना पड़ता है और न चाहते हुए भी घर में रहने को मजबूर होना पड़ता है। फिलहाल विकसित देशों में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन जोर पकड़ रहा है। ऐसे में उम्मीद है केंद्र सरकार की पीएम-ई ड्राइव योजना फायदेमंद साबित होगी। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा जिससे प्रदूषण के बढ़ते स्तर और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से निपटने में मदद मिलेगी। यह न केवल भविष्य में कारगर सिद्ध होगा, बल्कि इससे हम लोग स्वच्छ वातावरण में खुलकर सांस भी ले सकेंगे।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### लोकतंत्र में एक साथ चुनाव

'संभव हैं एक साथ चुनाव' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में संजय गुप्त का कहना सही है कि 'एक साथ चुनाव' की अवधारणा सकारात्मक हो सकती है, लेकिन इसके कार्यान्वयन में कई चुनौतियां और जमीनी वास्तविकताएं हैं जिन्हें समझना आवश्यक है। इस विचार को प्रस्तुत करते समय इसके फायदों को लेकर तमाम तर्क दिए जाते हैं कि इससे सरकारी धन की बचत, प्रशासनिक सुगमता और राजनीतिक स्थिरता आएगी। इसमें कोई शक नहीं कि बार-बार होने वाले चुनाव सरकारी नीतियों को बाधित करते हैं और आम जनता पर भी कर का बोझ बढ़ाते हैं, परंतु असली सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था हमारे संघीय ढांचे और विविधतापूर्ण लोकतंत्र के लिए उपयुक्त है? भारत में हर राज्य की अपनी राजनीति, सामाजिक संरचना और विकास की प्राथमिकताएं होती हैं। क्या हम चुनावों को एक साथ कराकर उन विशेष मुद्दों को दबा नहीं देंगे, जो स्थानीय स्तर पर प्रमुख हैं? जैसे महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के चुनावी मुद्दे कभी भी एक जैसे नहीं हो सकते। इस तरह का केंद्रीकरण कहीं जनता की आवाज को नजरअंदाज करने का रास्ता तो नहीं बन जाएगा? चुनाव सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र का उत्सव हैं। एक साथ चुनाव का विचार आकर्षक तो है, लेकिन इसे लागू करने से पहले हमें अपने लोकतांत्रिक ढांचे की विविधता और जमीनी हकीकतों को ध्यान में रखना होगा। इससे जुड़े कानूनी और प्रशासनिक मुद्दों का संतुलित हल निकालना बेहद जरूरी है, ताकि यह विचार महज एक सियासी जुमला न बनकर ठोस सुधार की दिशा में पहला कदम साबित हो सके।

awanishg30@gmail.com

### मुफ्त चुनावी घोषणाएं

वर्तमान में राज्यों की आर्थिक स्थिति का विश्लेषण करने से पता चलता है कि देश के सभी राज्यों पर कर्ज की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान में पंजाब राज्य पर 3,53,600 करोड़ रुपये का कर्ज है, जो कि देश का सबसे बड़ा कर्जदार राज्य बन चुका है। पंजाब की कुल जीडीपी का 53.30 प्रतिशत कर्ज है, जबकि रिजर्व बैंक के अनुसार यह राज्य की कुल जीडीपी का 30 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। ऐसे ही रिजर्व बैंक के अनुसार, हरियाणा पर 2,87,266 करोड़ का कर्ज है, लेकिन कुछ दल चुनाव में बिजली फ्री, महिलाओं को हर महीने नकदी देने का वादा कर रहे हैं। सवाल है कि इन मदों पर खर्च होने वाला पैसा कहां से आएगा? जबकि राज्य की आर्थिक रूप से दयनीय स्थिति बन चुकी है। हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लाले पड़े हुए हैं, जबकि कर्नाटक में विकास कार्यों की हालत खस्ता है। जनसाधारण को भी सोचना चाहिए कि फ्री चुनावी घोषणाओं से विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाएं तो प्रभावित होती ही हैं साथ में राज्य एवं देश के विकास की गति अवरुद्ध हो जाती है। आज जनसाधारण को फ्री के बजाय ठोस नीतियों की जरूरत है, जिससे रोजगार सृजन, आधुनिक शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। मुफ्त वाली चुनावी घोषणाएं दिग्भ्रमित करने वाली मृग मरीचिका हैं।

दीपक गौतम, सोनीपत

### जम्मू-कश्मीर का संदेश

गत लोकसभा चुनाव में भी कश्मीरी जनता ने बढ़-चढ़ कर वोट दिया था और कुछ संसदीय क्षेत्रों में तो ऐतिहासिक वोटिंग हुई थी। उसी जोश को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने विधानसभा चुनावों के पहले चरण में भी वोटिंग की है। यह कश्मीरी वोटरों की बेचैनी की अभिव्यक्ति है। यह इस बात को और पुख्ता करता है कि लोकतांत्रिक तौर-तरीके से ही जनता की आवाज सुनी जा सकती है और उनकी समस्याओं का हल हो सकता है। कश्मीरी युवा भी यही चाहते हैं कि वे भी देश की मुख्यधारा के साथ जुड़ें और शांति के साथ अपना जीवन गुजर बसर करें। यह एक अच्छी बात है कि पहले चरण के चुनाव बिना किसी हिंसा के संपन्न हुए और आशा करेंगे कि बाकी चरणों में भी शांतिपूर्ण तरीके से ही चुनाव हों।

बाल गोविंद, नोएडा

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।
अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: mailbox@jagran.com

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक- संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक ( राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 17 अंक 187

# भारत के भूराजनीतिक हित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ पिछली व्यक्तिगत बैठक और उनकी अध्यक्षता वाली क्वाड सालाना शिखर बैठक के दौरान जी 7 देशों के साथ भारत के बढ़ते तालमेल को रेखांकित किया। बाइडन का कार्यकाल आगामी जनवरी में पूरा हो जाएगा। दोनों बैठकों में चीन की बढ़ती होड़ से मुकाबला करने के रास्ते तलाशने के प्रयास किए गए। इसकी पुष्टि बाइडन द्वारा क्वाड नेताओं को दिए हॉट माइक कमेंट से भी होती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन, एशिया-प्रशांत के देशों का इम्तहान ले रहा है। इस संदर्भ में क्वाड नेताओं के साझा विलमिंग्टन घोषणापत्र में न केवल बढ़ी हुई भूराजनीतिक चिंताओं तथा उन्हें हल करने के लिए चुनिंदा पहलों को दर्शाया गया बल्कि इसमें वैश्विक सुरक्षा ढांचे के व्यापक पहलुओं पर संबंधों को गहरा बनाने का एजेंडा भी जारी रखा गया। इसमें स्वास्थ्य सहयोग से लेकर बुनियादी ढांचा क्षेत्र की संयुक्त परियोजनाएं और जलवायु परिवर्तन तक सभी पहलू शामिल थे। इनमें से कई कार्यक्रमों को 2025 में स्पष्ट आकार मिलेगा, जब भारत क्वाड शिखर बैठक की मेजबानी करेगा।

इस संदर्भ में देखें तो प्रमुख परियोजनाओं में से एक है हिंद-प्रशांत में प्रशिक्षण की समुद्री पहल (मैत्री) जो 2022 की समुद्री क्षेत्र जागरूकता परियोजना पर आधारित है। यह साझेदार देशों को उनके विशिष्ट आर्थिक क्षेत्रों में गतिविधियों पर नजर रखने की सुविधा देती है। इसमें अतिक्रमण और गैरकानूनी गतिविधियां शामिल हैं। मैत्री का लक्ष्य है इन उपायों का अधिकतम इस्तेमाल करना। अगले वर्ष भारत में इसकी आरंभिक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मुंबई में भी क्वाड क्षेत्रीय बंदरगाह और परिवहन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा ताकि समूह के उन प्रयासों को मजबूती दी जा सके जिनके तहत वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बंदरगाहों का टिकाऊ और मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करा सकता है। यह ऐसी पहल है, जिसे दक्षिण और पूर्वी चीन सागर के पड़ोसी देशों में चीन के अतिक्रमण को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है। इससे संबंधित संयुक्त वक्तव्य को पढ़ें तो वह गंभीर चिंताओं की बात करता है। संयुक्त वक्तव्य कई अनुच्छेदों में बहुत मजबूती से चीन के सहयोगी उत्तर कोरिया के निरंतर परमाणु हथियार बनाने के प्रयासों की आलोचना करता है। दस्तावेज में सेमीकंडक्टर, कृषि शोध, साइबर सुरक्षा और अंतरिक्ष शोध आदि सभी क्षेत्रों का उल्लेख है और क्वाड सहयोग की बढ़ती सार्वभौमिक प्रकृति को रेखांकित किया गया है। दुनिया के गरीब देशों तक भारत की पहुंच को स्वीकार करते हुए वक्तव्य ने यह इरादा प्रकट किया कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के जरिये उसे अधिक समावेशी बनाने का प्रयास करेगा। इसके लिए स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की बात कही गई। इरादा यह है कि अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के प्रतिनिधित्व को सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों में स्थान दिया जाए। मोदी की यात्रा ने भारत को 14 सदस्यों वाले हिंद प्रशांत आर्थिक समृद्धि ढांचे (आईपीईएफ) के और नजदीक लाने में भी सहायता की। यह पहल क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने 2022 में की थी। क्वाड के साझेदार देशों जापान और ऑस्ट्रेलिया के उलट भारत ने 15 सदस्यीय क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसेप) से बाहर रहने का निश्चय किया, जबकि चीन इसका सदस्य है। परंतु उसने आईपीईएफ के चार में से दो स्तंभों – स्वच्छ और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था पर हस्ताक्षर किए। इनका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु के अनुकूल प्रौद्योगिकियों पर सहयोग करना तथा भ्रष्टाचार विरोधी और कर पारदर्शिता के उपायों को मजबूत करना है।

भारत ने फरवरी में आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने का समझौता स्वीकार किया। आलोचनात्मक दृष्टि से देखें तो भारत ने फ्रेमवर्क के पहले स्तंभ व्यापार के क्षेत्र में पर्यवेक्षक रहना तय किया है। इस साझेदारी का भविष्य बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे क्या होते हैं। अगर डॉनल्ड ट्रंप को दूसरा कार्यकाल मिलता है तो आईपीईएफ में गतिरोध आ जाएगा क्योंकि वह धमकी दे चुके हैं कि वह सत्ता में आए तो इस समझौते को नकार देंगे। बहरहाल भारत क्वाड का इकलौता विकासशील साझेदार देश है। उसने क्वाड और आईपीईएफ के साथ स्पष्ट संकेत दिया है कि उसके भूराजनीतिक हित कहां होने चाहिए।

# लोकतंत्र में धैर्य पर अमल और उसका महत्त्व

**श्रीलंका में बदलाव का सहजता से प्रबंधन किया गया। इसका विपरीत परिदृश्य बांग्लादेश में देखा जा सकता है। बांग्लादेश में गैर राजनीतिक लोगों की एक अनिर्वाचित सरकार स्थापित कर दी गई।**



राष्ट्र की बात
शेखर गुप्ता

श्रीलंका में सीमित ढंग से कराए जा रहे चुनाव में वहां के लोग एक नए राष्ट्रपति का चुनाव कर रहे हैं और यह उपयुक्त अवसर है कि हम खुद को यह याद दिलाएं कि महज दो वर्ष पहले वहां जिस तरह की घटनाएं घटी थीं, उसके बाद वहां के लोगों ने कितने परिपक्व और शांतिपूर्ण तरीके से हालात का प्रबंधन किया है। वे अपनी मुख्यधारा की राजनीति के तीन जाने-पहचाने चेहरों के बीच चयन कर रहे हैं और देश में कोई अस्थिरता नहीं है।

यहां एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण सबक निहित है: कई बार देश और समाज उथल-पुथल से गुजरते हैं। इसके परिणामस्वरूप कुछ देश खुद को नष्ट कर लेते हैं तो कुछ और बदलाव, अस्थिरता के चक्र से ही जूझते रहते हैं। जो देश बच जाते हैं और शायद अधिक मजबूत बनकर उभरते हैं उन्हें उनके लोकतांत्रिक धैर्य के लिए सराहा जाना चाहिए जो अक्सर नहीं होता। लोकतांत्रिक धैर्य क्या है और यह कैसे काम करता है?

पहले बात करते हैं श्रीलंका की। जुलाई 2022 में दुनिया ने चकित होकर वे तस्वीरें देखीं जिनमें प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति भवन को लूट रहे थे, वहां से स्मृति चिह्न बटोर रहे थे, स्विमिंग पूल में तैर रहे थे और रील्स बना रहे थे। सरकार हट चुकी थी लेकिन इसके बाद भी ऐसा निर्वात नहीं निर्मित हुआ जहां प्रदर्शनकारी, छात्र नेता, स्वयंसेवी संगठन या दोहरे पासपोर्ट धारक लोग घुसपैठ कर सकें। इसके विपरीत बांग्लादेश के हालात देखिए। उन्होंने अपने शासक को निर्वासित होने पर विवश किया। स्वयंसेवी संगठनों, छात्रों, टेक्नोक्रेट्स और इस्लामिस्ट की एक अनिर्वाचित सरकार ने जगह ले ली। अब वे विदेशों में रह रहे विद्वानों को आमंत्रित कर रहे हैं ताकि देश का नया संविधान लिखा जा सके। सेना के सभी कमीशंड अधिकारियों को मजिस्ट्रेट की शक्तियां दे दी गई हैं और इस प्रकार औपचारिक रूप से शासन में सेना को शामिल कर लिया गया है। इसे पाकिस्तान का हल्का संस्करण कह सकते हैं।

दोनों पड़ोसियों में एक जैसी उथल-पुथल हुई। कैसे एक देश सहजता से बदलाव का प्रबंधन करने में कामयाब रहा जबकि दूसरे ने ऐसा कोई प्रयास भी नहीं किया। इसमें नेपाल को भी शामिल कर लेते हैं। एक जनांदोलन और सशस्त्र माओवादी उपद्रव की बदौलत वहां राजशाही का अंत हुआ। तब से अब तक 16 वर्ष के लोकतांत्रिक शासन में देश में आठ प्रधानमंत्रियों ने 16 छोटे-छोटे कार्यकाल निभाए हैं। परंतु वे अपने लोकतंत्र को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उनके पास लोकतांत्रिक धैर्य है।

अगर आपके पास इतना धैर्य नहीं होता है तो आप शॉर्ट कट की तलाश करते हैं। बांग्लादेश को देखिए। श्रीलंका का बदलाव सहज रहा और वहां जाने पहचाने राजनीतिक चेहरे देखने को मिले। उनमें 75 वर्षीय रनिल विक्रमसिंघे भी शामिल थे जो मौजूदा पदधारी और उम्मीदवार हैं। श्रीलंका ने किसी को बाहर से आयात नहीं किया। न तो किसी पड़ोसी को और न ही किसी वैश्विक फाउंडेशन को जिसे उम्मीद हो कि वह तीसरी दुनिया के गरीब देशों को लोकतांत्रिक बना सकता है। यही वजह है कि विक्रमसिंघे जीतें या हारें, हमारी दलील मजबूत ही होगी।

अपनी राजनीति और स्थिति को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने उस समय पद संभाला जब निर्वात का संकट मंडरा रहा था। अब यह लोगों पर है कि वे अपना नया राष्ट्रपति चुनें और वह इसे स्वीकार करेंगे। वह 28 की आयु में मंत्री बन गए थे और कई बार प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति रह चुके हैं। 2022 में प्रदर्शनकारी बदलाव चाहते थे। अगर विक्रमसिंघे किसी चीज का प्रतिनिधित्व करते हैं तो वह है निरंतरता। उन्हें एक विश्वसनीय विकल्प माना गया क्योंकि वह लोकतांत्रिक हैं।

अब सवाल पर वापस आते हैं: कुछ देश ऐसी उथल-पुथल का प्रबंधन कैसे कर लेते हैं जबकि अन्य देश नहीं कर पाते? हम दो दशक से भी पहले जाकर पूर्व सोवियत संघ यानी जॉर्जिया, किर्गीजस्तान, युगोस्लाविया और यहां तक कि यूक्रेन की 'रंग क्रांति' की बात करते हैं। उसे रंग क्रांति इसलिए कहा गया क्योंकि प्रदर्शनकारी हर देश के हो रहे प्रदर्शनों को रेखांकित करते हुए खास रंग की कमीज पहनते थे। इसके बाद अरब उभार और तहरीर चौक का आंदोलन सामने आया। हर एक का अंत बहुत त्रासद रहा। या तो एक नई तानाशाही का आगमन हुआ या फिर युगोस्लाविया की तरह देश का विभाजन हो गया। गूगल पर नई दिल्ली, 2011, रामलीला मैदान, तहरीर चौक सर्च कीजिए। गूगल आपको बताएगा कि ऐसे भी चतुर लोग हैं जिन्होंने अन्ना आंदोलन को 'भारत का तहरीर चौक' करार दिया था। ऐसा लग रहा था कि हर कोई बदलाव चाहता था, एक नई व्यवस्था और हालांकि कहा नहीं गया लेकिन शायद लोग एक नया संविधान भी चाहते थे। यह कहा जा रहा था कि हमें व्यवस्था को बदलना चाहिए। आखिरकार चुनाव के जरिये सरकार बदली गई। भारत तहरीर चौक जैसी किसी घटना से बच गया। उस आंदोलन का ईंधन था राजनीति यथास्थिति को लेकर लोगों की नाराजगी। अन्ना हजारे के मंच से अभिनेता ओम पुरी ने कहा था कि लोकतंत्र के कारण 'अनपढ़ और गंवार' लोग सत्ता में आ गए हैं। इस राजनीति को बदलकर चतुर, शिक्षित लोगों, नोबेल विजेताओं और मैगसेसे विजेताओं को सत्ता में आना चाहिए, ऐसी भावना थी। लग रहा था मानो बस बहुत हो चुका।

मध्य वर्ग और उच्च वर्ग दोनों साथ थे और उनके साथ तमाम उदारवादी, वामपंथी, दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी, अराजक वर्ग और मीडिया का अधिकांश वर्ग उनके साथ था। खासतौर पर समाचार प्रसारित करने वाले टेलीविजन चैनल। ऐसे टीआरपी प्रदान करने वाले अवसर का लाभ तो उन्हें उठाना ही था। मीडिया जगत के कुछ सितारों ने अन्ना के मंच से भी अपनी बात कही। कुछ ने सेना के नेतृत्व से साथ देने का आह्वान किया। 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाने के लिए जयप्रकाश नारायण के अपेक्षाकृत निरापद आह्वान का सहारा लिया था जिसमें उन्होंने सैन्य और पुलिस बलों से कहा था कि वे 'विधि विरुद्ध' आदेशों को न मानें। मनमोहन सिंह इंदिरा नहीं थे। हम उस तबाही से बच सके, इसके तीन कारण थे। उस समय चाहे जैसी भी हवा रही हो लेकिन हर व्यक्ति बदलाव नहीं चाहता था। टीवी चैनल, स्वयंसेवी संगठन, फिल्मी कलाकार और सितारा एंकर आदि पूरे देश का प्रतिनिधित्व नहीं करते। भारत की व्यवस्था उन करीब डेढ़ अरब लोगों पर निर्भर है जो उस पर यकीन रखते हैं। यही कारण है कि सैन्य या असैन्य प्रतिष्ठान के किसी व्यक्ति ने आंदोलन में शिरकत नहीं की।

दूसरी वजह यह रही कि राजनीतिक वर्ग ने संघर्ष किया। अगर इसे समझना हो तो 25 अगस्त 2011 को जन लोकपाल विधेयक पर लोक सभा के सत्र की वीडियो रिकॉर्डिंग देखिए। जैसा कि मैंने उस वक्त दर्ज किया था, स्वर्गीय शरद यादव ने कहा था 'इससे पहले कि आप इस व्यवस्था को खारिज करें, याद रखिए कि गांधी और आम्बेडकर की समझदारी नहीं होती तो मेरे जैसे लोगों को तो दिल्ली में अपने पालतू पशु चराने तक का मौका भी नहीं मिलता।' उन्होंने कहा कि यह सदन इकलौती ऐसी जगह है जहां आप पूरे देश के चेहरे देख सकते हैं। जहां दलितों को समान अवसर है और घुरऊ राम, गरीब राम और पकौड़ी लाल जैसे नामों वाले लोग सांसद हैं। एक पकौड़ी लाल या गरीब राम देश की जनता का प्रतिनिधित्व करने के मामले में किसी भी नोबेल विजेता से कहीं अधिक सक्षम हैं। भारत में तहरीर चौक जैसी स्थिति न बनने की यह तीसरी वजह थी।

भारत इससे मजबूत होकर उभरा क्योंकि उसके सबसे गरीब लोगों में भी लोकतांत्रिक धैर्य था। ठीक वैसे ही जैसे नेपाल और श्रीलंका के लोगों में। अमेरिका में कैपिटल हिल पर कब्जे की कोशिश के साथ 2020 के चुनाव परिणामों को बदलने की डॉनल्ड ट्रंप की कोशिशों को जिस प्रकार खारिज किया गया वह भी इसका उदाहरण है। बांग्लादेश के लोगों ने इसके विपरीत काम किया। वहां अनिर्वाचित केयरटेकर बिना राजनेताओं के एक नया संविधान बनाना चाहते हैं और उसके बाद चुनाव करवाना चाहते हैं। यह ठीक पाकिस्तान की शैली है। लगता तो यही है परिणाम बहुत अच्छे नहीं होंगे। अगर आप शोर शराबा और अराजकता नहीं झेल सकते तो आप लोकतंत्र के लायक नहीं हैं।

# तकनीक की बदौलत कैसे कही जाएगी बेहतरीन कहानी?



मीडिया मंत्र
वनिता कोहली-खांडेकर

**आईमैक्स** ने 1960 के दशक में ऐसे अत्याधुनिक स्क्रीन डिजाइन किए, जो दर्शकों को सम्मोहित ही कर लेते थे। इनका ज्यादातर इस्तेमाल संग्रहालयों में या इतिहास से जुड़े वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) बनाने में किया जाता था। आईमैक्स का अधिग्रहण 1994 में एक निवेश बैंकिंग फर्म ने कर लिया, जिसे एक साझेदार के साथ चला रहे वकील और उद्यमी रिचर्ड गेलफॉण्ड कंपनी के निदेशक मंडल में आ गए। गेलफॉण्ड अब कंपनी के मुख्य कार्य अधिकारी (सीईओ) हैं। उस समय मुख्यधारा के स्टूडियो और थिएटर कंपनियों को इस तकनीक के इस्तेमाल के लिए राजी करना लगभग असंभव था। इस तकनीक पर फिल्में देखना एकदम अद्भुत लगता था मगर यह बेहद खर्चीला और बेतरतीब था।

उसी बीच वर्ष 2001 में आईमैक्स ने एक एल्गोरिदम तैयार किया, जिसकी मदद से वह आम फिल्मों को आईमैक्सस तकनीक में फॉर्मैट कर पाई और खर्च काफी कम हो गया। उसी वक्त थिएटर डिजिटल होने लगे थे और फिल्मकार भी आईमैक्स उपकरणों का इस्तेमाल कर फिल्में बनाने लगे थे।

2006 तक 'हैरी पॉटर ऐंड द गॉबलेट ऑफ फायर', 'हैपी फीट' और 'ट्रांसफॉर्मर्स' जैसी फिल्मों के कारण आईमैक्स फॉर्मैट अजनबी नहीं रह गया और 2009 में जेम्स कैमरॉन की सुपरहिट फिल्म 'अवतार' इसे पूरी तरह मुख्यधारा में ले आई। इस फिल्म ने दुनिया भर में करीब 3 अरब डॉलर कमाए और इसमें से 25 करोड़ डॉलर (लगभग 9 प्रतिशत) 163 आईमैक्स स्क्रीन से ही आए। 2023 तक यह तकनीक दुनिया भर में 1,705 स्क्रीन पर आ गई मगर यह संख्या कुल स्क्रीन के 1 प्रतिशत से भी कम थी। फिर भी फिल्मों से दुनिया भर में होने वाली कमाई में 3.5 प्रतिशत (1 अरब डॉलर से ज्यादा) आईमैक्स से ही आई। इसकी वजह दर्शक हैं, जो 'आईमैक्स' फिल्म देखने के लिए आम टिकट के मुकाबले तीन से पांच गुना कीमत खर्च करने को तैयार हैं।

2014 में आई जॉनथन और क्रिस्टॉफर नॉलन की फिल्म 'इंटरस्टेलर' में ब्लैकहोल के रास्ते दूसरे युग और दूसरी दुनिया में पहुंचने की कहानी थी। ब्लैकहोल और दूसरी दुनिया का न तो कोई सबूत है और न ही कोई तस्वीर। लेकिन खगोल-भौतिकीविद तथा नोबेल से सम्मानित किप थॉर्न ने अवार्ड जीतने वाली विजुअल इफेक्ट फर्म डीएनईजी के साथ मिलकर इसे साकार कर दिया। इंटरस्टेलर ने पूरी दुनिया में 70.5 करोड़ डॉलर से अधिक कमाए और विज्ञान पत्रिकाओं ने इसकी जमकर तारीफ की। मुंबई की कंपनी प्राइम फोकस की सहायक फर्म डीएनईजी ने इस फिल्म के लिए ऑस्कर भी जीता। डीएनईजी लंदन से काम करती है और इंटरस्टेलर के अलावा वह ड्यून (पार्ट वन), टेनेट तथा इंसेप्शन समेत छह अन्य फिल्मों के लिए भी ऑस्कर जीत चुकी है। प्राइम फोकस के संस्थापक और डीएनईजी के सीईओ नमित मल्होत्रा का कहना है कि फिल्मकार सपना देख सकते हैं तो उनकी फर्म उसे साकार कर सकती है।

कहानी कहने में हुई तकनीकी प्रगति में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को भी जोड़ दीजिए। एआई की मदद से कहानी कहने की कोशिश में दुनिया और भारत के स्टार्टअप जुटे पड़े हैं। बेंगलूरु की न्यूरलगैराज जैसी कंपनियां विजुअलडब की सुविधा देती हैं। जेनरेटिव एआई वाली यह तकनीक किरदार के हावभाव और हरकतों के साथ डबिंग का ऐसा तालमेल बिठा देती है कि वीडियो को तेलुगु से कोरियाई या अंग्रेजी या हिंदी में डब किए जाने पर कुछ भी अटपटा नहीं लगता। ब्रिटानिया और अल्ट्राटेक जैसे ब्रांडों ने विविधता से भरे देसी उपभोक्ता बाजार में विज्ञापन फिल्में प्रदर्शित करने के लिए इस तकनीक का इस्तेमाल किया है। न्यूरलगैराज ने इसी साल डिजिटल सिनेमा वितरण फर्म यूएफओ मूवीज के साथ भी करार किया है ताकि स्टूडियो उसकी तकनीक का इस्तेमाल करें। कई भाषाओं में डब की गई फिल्में देश भर या दुनिया भर में दिखाने वाली स्ट्रीमिंग सेवाएं या थिएटर खर्च में एक तिहाई या ज्यादा कमी लाने वाली तकनीक का स्वागत क्यों नहीं करेंगे।

चेन्नई की कंपनी एशियाविल इंटरैक्टिव के ऐप एवी ने गेमिंग और फिक्शन को जोड़ने वाली तकनीक का पेटेंट कराया है। इसके 45-45 मिनट के दो शो में से एक 'हू किल्ड कविता' है। यह एक वीडियो है, जिसमें आपको सुराग ढूंढने होते हैं, संदिग्धों का पता लगाना होता है, लिखावट जांचनी होती है और ऐसे कई काम करने होते हैं। जी एंटरटेनमेंट ने जेनरेटिव एआईटूल स्क्रिप्टजीपीटी तैयार किया है, जो आपको किरदारों, कहानियों, पटकथाओं और उनमें आने वाले मोड़ को पहचानने तथा समझने में मदद करता है। इससे बड़ी तादाद में दर्शक आ सकते हैं और रेटिंग बढ़ सकती है।

स्क्रीनिंग और फिल्म निर्माण से लेकर लेखन और पटकथा तक तकनीक से आ रही रचनात्मकता कारोबार में तगड़ी उथलपुथल ला रही है। दुनिया भर में 2016 में शुरू हुई स्ट्रीमिंग भारी तादाद में दर्शकों को अपने साथ ले जा रही है। 2017 में दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 42 अरब डॉलर की कमाई हुई थी, जो 2023 में घटकर 34 अरब डॉलर रह गई। लोगों को थिएटर में लाना है तो ऑपनहाइमर, बार्बी या पठान जैसा कुछ बिल्कुल अलग करना होगा। इसका मतलब है कि आपको या तो भव्यता और विजुअल इफेक्ट डालने होंगे या ऐसा सितारा लाना होगा, जिसे दर्शक छोटे पर्दे के बजाय बड़े पर्दे पर ही देखना चाहते हैं। साथ ही आपको स्क्रीन भी ऐसा चाहिए, जिस पर फिल्म देखने के लिए दर्शक घर से निकलने को मजबूर हों। लेकिन सवाल बरकरार है कि कब तकनीक कहानी का सहारा बनना बंद कर देती है और खुद कहानी बन जाती है? किसी कहानी को कितने और किस तरह के विजुअल इफेक्ट, टूल या गिज्मो की जरूरत है यह दर्शकों और फिल्मकारों को ही तय करना है। मल्होत्रा कहते हैं, 'तकनीक, टूल, सुपरस्टार का कोई मतलब नहीं है। लोगों को केवल कहानी से मतलब होता है। निर्देशक दूसरे काल और दूसरी दुनिया में जाने की कहानी दिखाना चाहता है तो वह जरूरी टूल्स के बगैर ऐसा नहीं कर सकता। ये सब कहानी की जरूरत पूरी करने के लिए ही हैं।'

यह सोचने वाली बात है। ऑपनहाइमर या ड्यून भव्य फिल्में नहीं हैं। वे असाधारण, वास्तविक या काल्पनिक घटनाओं तथा माहौल की कहानी हैं। मिशन इंपॉसिबल, फ्यूरिओसा और ब्रह्मास्त्र में कहानी के साथ भव्यता भी है। दोनों तरह की फिल्में कामयाब रहीं मगर हाल में मारवल की कई फिल्में या स्पेशल इफेक्ट से भरी फिल्में कहानी में दम नहीं होने की वजह से चित हो गईं।

तकनीक में जेनरेटिव एआई का इस्तेमाल हो या न हो, यह बात दोनों पर लागू होती है। जेनरेटिव एआई जैसी समझ भरी तकनीक के साथ एक पेच और है। इसे सिखाना पड़ता है, जो पुरानी फिल्मों या कार्यक्रमों के जरिये ही मुमकिन है। अब लेखक, फिल्मकार और अभिनेता कानून का सहारा ले रहे हैं ताकि एआई को सिखाने के लिए उनकी फिल्मों का इस्तेमाल नहीं किया जा सके। ऐसे में जेनरेटिव एआई को कुछ भी तैयार या जेनरेट करने के लिए पर्याप्त सामग्री या डेटा ही नहीं मिलेगा या उसे सीखने के लिए घटिया वीडियो अथवा कहानियां ही मिलेंगी। इससे वह घटिया सामग्री ही तैयार कर पाएगी। फिलहाल एआई देखने का अनुभव बेहतर बनाने, खर्च घटाने, क्षमता बढ़ाने और कभी-कभार एआई से किरदार तैयार करने में ही इस्तेमाल की जा रही है।

## आपका पक्ष

### साइबर अपराध पर लगाम के हों पुख्ता इंतजाम

देश में ऑनलाइन शॉपिंग और भुगतान का दायरा जिस रफ्तार से बढ़ रहा है, उसी रफ्तार से साइबर ठगी भी पांव पसार रही है। ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले अपराधी हर रोज कोई नया हथकंडा अपना रहे हैं। लोगों की कड़ी मेहनत की कमाई चुटकियों में साइबर अपराधियों की जेब में जा रही है। यही वजह है कि ऑनलाइन शॉपिंग, ऑनलाइन बैंकिंग और अन्य आर्थिक धोखाधड़ी संबंधी खबरें आए दिन सामने आ रही हैं। ऑनलाइन शॉपिंग या ऑनलाइन भुगतान करने वालों की हालत यह हो गई है कि मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर मिलने वाला हर अनजाना एसएमएस और ई-मेल संदिग्ध लगने लगा है। साइबर अपराधों के हथकंडों की कम जानकारी रखने वाले लोग तो आसानी से इनके झांसे में आ ही रहे हैं, साथ ही इनके दांव-पेचों से अवगत लोग भी इनका शिकार हो रहे हैं। और तो और एटीएम, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हुए भी लोगों के साथ ठगी हो रही है। फिशिंग, जूस जैकिंग और हनी-ट्रैप जैसी चीजें तो और भी खतरनाक हैं। ऐसे भी कई मामले सामने आ चुके हैं जिनमें ऑनलाइन शॉपिंग या नया-पुराना सामान बेचने के नाम पर ग्राहकों से पैसा वसूल लिया जाता है और बदले में उन्हें या तो कुछ भी नहीं मिलता या फिर घटिया सामान भेज दिया जाता है।

*मनीष त्रिपाठी, भोपाल*



**ऑनलाइन शॉपिंग या नया-पुराना सामान बेचने के नाम पर ग्राहकों से पैसा वसूल लिया जाता है और बदले में घटिया सामान भेजा जाता है**

### मिलावटखोरों का जाल, आस्था से खिलवाड़

मिलावटखोरों ने तिरुपति के विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर को भी नहीं छोड़ा। तिरुपति स्थित मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने लैब रिपोर्ट का हवाला देते हुए साफ कहा कि मंदिर को आपूर्ति किए जाने वाले घी में पशु की चर्बी समेत अन्य मिलावटी अंश मिले हैं। ऐसी खबरें आस्था पर गहरी चोट हैं। सवाल यह है कि इस विश्व प्रसिद्ध पवित्र स्थल पर खाद्य सामग्री कहां से आ रही है, उसे बनाने में किन मानकों का पालन किया जा रहा है और आपूर्ति के स्तर पर क्या सावधानी बरती जा रही है? यह देखना तो मंदिर प्रबंधन की जिम्मेदारी होती है। उसके स्तर पर यह लापरवाही क्यों हुई? दूसरा सवाल सरकार से भी पूछा जाना चाहिए कि आखिर एक फैक्टरी में मिलावट का धंधा चलता रहा और आपूर्तिकर्ता बेखौफ होकर लोगों की आस्था से खिलवाड़ करता रहा, लेकिन स्थानीय प्रशासन कहां सोया हुआ था? विश्व प्रसिद्ध मंदिर में मिलावट के मामले के उजागर होने से स्पष्ट संकेत मिलता है कि खाद्य सामग्री में मिलावट का धंधा किस स्तर तक अपनी पैठ बना चुका है और इसे रोकने के लिए बनाए गए कानून कितने कमजोर साबित हो रहे हैं। देश ही नहीं, दुनिया भर से श्रद्धालु तिरुपति दर्शन के लिए आते हैं और यहां से प्रसाद लेकर जाते हैं। लोग बड़ी श्रद्धा से इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं। इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, बल्कि मामले की तह तक जाकर दोषियों का पता लगाया जाना चाहिए। घी आपूर्तिकर्ता, मंदिर प्रबंधन के जिम्मेदार पदाधिकारी और प्रशासन के संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब होना चाहिए। देश में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे कोई मिलावट के बारे में सोच भी न सके।

*राजेश कुमार, नई दिल्ली*

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिज़नेस स्टैंडर्ड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in
पत्र/ईमेल में अपना डाक पता और टेलीफोन नंबर अवश्य लिखें।

## देश-दुनिया

फोटो - पीटीआई




बेंगलूरु के नैशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी के 32वें दीक्षांत समारोह के दौरान रविवार को छात्रा को डिग्री प्रदान करते भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी। इस अवसर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ भी मौजूद रहे।